amarujala.com
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण
अमर उजाला
आज से कुंभ 2019 प्रयागराज
राजधानी • वर्ष 16 | अंक 278 | पृष्ठ : 18 | मूल्य : तीन रुपये
नई दिल्ली ■ मंगलवार, 15 जनवरी 2019

मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

अगले माह नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे पीएम

अमर उजाला ब्यूरो

दादरी/ग्रेटर नोएडा। केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने दादरी में सोमवार को कहा कि अगले माह प्रधानमंत्री नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने धूम मानिकपुर गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी की। केंद्रीय मंत्री ने छपरौला, वैदिक कन्या इंटर कॉलेज व ग्रेटर नोएडा के अल्फा- वन स्थित सामुदायिक केंद्र में भी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

सोमवार को दादरी के जीटी रोड स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता में केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि अगले माह नोएडा एयरपोर्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

करेंगे। इसमें आने वाले सभी अड़चनों को दूर कर दिया गया है। क्षेत्र में 4500 करोड़ की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं। बीस साल से बंद पड़े रूपवास बाईपास का निर्माण कराकर चालू करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बसपा की प्रदेश में एक भी लोकसभा सीट नहीं है। अखिलेश परिवार की केवल छह लोकसभा सीटें हैं। कांग्रेस इनके

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने दादरी में प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

2019 में भी भाजपा की सरकार बनने का किया दावा

साथ नहीं है। रालोद से फैसला नहीं हुआ है। ये लोग मजबूर सरकार बनाने चाहते हैं, जबकि भाजपा मजबूत सरकार बनाएगी।

क्षेत्र को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा में मेट्रो का जाल, डीएमआईसी रेलवे हब जैसी मुख्य योजनाएं भाजपा सरकार ने दी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को बीमा योजना, 10 करोड़ परिवारों को 5 लाख का बीमा, गरीब परिवारों को निशुल्क गैस, गरीबों को खाद्यान्न आदि 4500 करोड़ की योजना जनपद को दी गई है।

डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश और देश में समानता के आधार पर विकास कार्यों को गति देकर नया आयाम स्थापित किया है। देश को सम्मान शिखर तक पहुंचाने का काम किया है। इन बैठकों में बूथ लेवल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को बुलाया गया और चुनाव की रणनीति भी तैयार की गई। इससे पहले उनका वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में स्वागत किया गया। इस दौरान दादरी विधायक तेजपाल नागर, नगरपालिका चेयरमैन गीता पंडित, लोकसभा संयोजक देवेंद्र खटाना, जिला अध्यक्ष विजय भाटी, सुभाष भाटी, अभिषेक शर्मा, बिजेंद्र नागर, समर पाल चौहान, राजा रावल, दीपक भारद्वाज, पवन बंसल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस सप्ताह शुरू हो सकती है जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट की जमीन अधिग्रहण को लेकर धारा-19 की कार्रवाई इस सप्ताह से शुरू हो सकती है। अफसरों का कहना है कि प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। उम्मीद है कि एक सप्ताह के अंदर शासन से मंजूरी मिल जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद एक माह के अंदर धारा-19 की कार्रवाई को पूरा किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट के लिए 1331 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होना है। जमीन अधिग्रहण को लेकर धारा-11 और 15 की कार्रवाई हो चुकी है। प्रशासन ने 5 जनवरी को धारा-19 की कार्रवाई के लिए सरकार को रिपोर्ट भेजी है। डिप्टी कलेक्टर अभय सिंह ने बताया कि पहले चरण में जिन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है, उन गांवों की आबादी 20 हेक्टेयर जमीन पर है। उन्हें दूसरी जगह बसाया जाएगा। धारा-15 में किसानों ने विभिन्न चीजों पर आपत्तियां मांगी जा चुकी है। कुल 879 आपत्तियां आईं। उनका निस्तारण करने के बाद शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। शासन से सहमति मिलने के बाद धारा-19 की कार्रवाई शुरू होगी। धारा-19 की कार्रवाई में प्रतिकर की रकम, पुनर्वास योजना व भूमि का सर्वे किया जाना है। किसान अगर आपत्तियां देंगे, उन पर भी सुनवाई होगी। ब्यूरो